तापमान

अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 2 अक्टूबर, 2025

14 शहीद नरेश के नाम पर होगा पतरेहड़ी के स्कूल का नाम



14 नन्हे छात्रों ने कार्यक्रम में दिखाई शानदार प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### ओएचई की चपेट में आने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में बुधवार को रेलवे जंक्शन के पास एक युवक ने रेलवे की ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) तार की चपेट में आ गया। युवक की तार से चिपकने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी की जांच में पता चला कि मृत की उम्र करीब 38 साल और मृतक की पहचान नहीं हो पाई। है। हाई वोल्टेज करंट से शरीर के बुरी तरह झुलस गया है। इधर, जीआरपी ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

### इग्नू ने दाखिले की तिथि 15 तक बढ़ाई

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 अक्टूबर कर दिया है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोडक़र डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं।

### 10वीं की छात्रा ने जहर खाकर दे दी जान

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में दसवीं कक्षा की छात्रा ने जहर खा लिया। वहीं हालत बिगड़ने पर परिजन, छात्रा को लेकर निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। इधर, थानेदार बिजेंद्र ने बताया कि परिजनों ने बताया कि छात्रा नाबालिग थी और मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद छात्रा का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय लड़की 30 सितंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर वापस नहीं लौटी। उसने आरोप लगाया कि उसकी लड़की से गांव लेदा खादर निवासी मिंटू उसकी लड़की को शादी करने का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### लावण्या ने कराटे में जीता गोल्ड

**जींद।** एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल की खिलाड़ी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। छात्रा लावण्या ने अंडर 17 में शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय प्रशासक जिले सिंह श्योकंद, डायरेक्टर डा. नेहा गोयल, प्राचार्य सुरेंद्र राणा ने छात्रा को बधाई दी।

## मैराथन में युवाओं ने दिखाया उत्साह, उमंग के साथ दौड़े

**विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

*सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा ने अंबाला शहर में नमो युवा रन का आयोजन किया प्रथम रहे तीन लड़कों और तीन लड़कियों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को अंबाला शहर में नमो युवा रन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में हजारों की संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के विभिन्न हिस्सों से आए धावकों ने जोश और उमंग के साथ दौड़ लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर किया।

■ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल भी युवाओं के साथ जमकर दौड़े

उन्होंने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा सहित पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मैराथन में प्रथम स्थान पर रहे तीन लड़कों और तीन लड़कियों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। वहीं चौथे से दसवें स्थान तक पहुंचने वाले धावकों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतिभागियों के चेहरों पर सम्मान पाकर खुशी झलक रही थी। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इस अवसर पर युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि इस युवा रन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस के महत्व से अवगत कराना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।



**अंबाला।** मैराथन के विजेता धावकों को सम्मानित करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### खेल और व्यायाम जरूरी

उन्होंने कहा – "फिट शरीर ही सफलता की पहली सीढ़ी है। आज की युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और व्यायाम को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर टिका है और यदि युवा स्वस्थ रहेंगे तो ही राष्ट्र मजबूत और विकसित बन सकेगा। इस दौरान जिला महामंत्री करमचंद गोल्डी,विवेक गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना,गुरविंदर सिंह, अमन सूद,मार्किट कमेटी बोर्ड के चेयरमैन जसविंदर सिंह, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, महामंत्री संजीव गोयल टोनी, युवा मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष अनमोल सोबती, यतिन बंसल,बीनू गर्ग, शैंकी बवेजा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### नेता भी दौड़े

इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि पूर्व मंत्री असीम गोयल और भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने भी युवाओं के साथ दौड़ लगाई। दोनों नेताओं को अपने बीच दौड़ते देख प्रतिभागियों का उत्साह और अधिक बढ़ गया। उपस्थित युवाओं ने कहा कि जब उनके नेता भी मैदान में साथ उतरते हैं तो उनका मनोबल और आत्मविश्वास दोगुना हो जाता है। नमो युवा रन ने अंबाला शहर में न केवल फिटनेस और स्वास्थ्य का संदेश दिया बल्कि समाज को नशामुक्ति और सकारात्मक जीवन शैली की ओर प्रेरित किया। हजारों युवाओं की भागीदारी ने इस आयोजन को भव्य और यादगार बना दिया।

## डोरस्टेप पॉलिसी से किसानों के जोखिम होंगे कम : राणा



■ कृषिमंत्री गांव चनालहेड़ी में किसानों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि डोरस्टेप पॉलिसी मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत एक स्कीम है, जिसका उद्देश्य किसानों तक उनकी फसल बीमा पॉलिसियों को सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। वे बुधवार को उपमंडल पिहोवा के गांव चनालहेड़ी में किसानों से खरीफ फसल 2025 के सिलसिले सम्बंधित रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना।

इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव में माता के मंदिर के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डोरस्टेप पॉलिसी मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ किसानों को सशक्त बनाने, बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने में मदद करता है, जिससे खेती को सुरक्षित और किसानों की आय को स्थिर बनाया जा सके।

### किसान सशक्त होंगे

कृषि मंत्री ने कहा कि इस पॉलिसी को प्रभावित किसानों के घर द्वार तक पंहुचाना है। इसके अतिरिक्त किसानों को फसल बीमा योजना के लाभों और प्रक्रिया के बारे में जागरूक करके सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह पॉलिसी किसानों की फसल के नुकसान के खिलाफ व्यापक बीमा कवरेज प्रदान करती है। किसानों को फसल बीमा के महत्व, दावा राशि की गणना और योजना के लाभों के बारे में भी विस्तृत में बताकर इसका लाभ किसानों को दिया जाता है।

## दो प्रवासियों को वाहन ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

■ दवाई लेकर लौट रहे थे नेपाल के रहने वाले दोनों युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के नजदीक छज्जू माजरा में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नवीन और शिवचरण के रूप में हुई है। ये लोग डीके पोल्ट्री फार्म में काम करते थे। हादसा उस समय हुआ जब दोनों भडोग से दवाई लेकर लौट रहे थे। तभी अचानक एक वाहन ने उन्हें तेज रफ्तार से टक्कर मार दी।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पटवी चौकी इंचार्ज के अनुसार उन्हें जैसे ही फोन आया वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। पता चला है कि मृतक नवीन करीब 4 महीने पहले नेपाल से अंबाला आया था। कुछ समय पहले ही वह पिता बना था। उसकी एक तीन से चार महीने की बच्ची है।

### दोनों पोल्ट्री फार्म में करते थे काम

शिवचरण पिछले दस वर्षों से डीके पोल्ट्री फार्म में कार्यरत था। दोनों ही विवाहित थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। पुलिस ने वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## बिजली का खंभा टूटने से लाइनमैन की मौत

**अंबाला।** गोला के समीप खेतों में बने डेरे में बिजली ठीक करते समय अचानक खंभा टूटने से लाइनमैन दीपक की मौत हो गई। दीपक सहयोगी रविंद्र के साथ मौके पर पहुंचा था। जैसे ही दीपक बिजली ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा तो खंभा जड़ से टूट गया।

इसकी वजह से दीपक जमीन पर गिर गया। मौजगढ़ के जितेंद्र कुमार ने बताया कि मौजगढ़. के उसके ताऊ का बेटा दीपक करीब तीन साल से बिजली बोर्ड में लाइनमैन के पद पर काम करता था।

मंगलवार को गोला के समीप खेतों में बने डेरे में बिजली ठीक करने के लिए वह अपने सहयोगी रविंद्र के साथ पहुंचा। यहां खंभा टूटने से नीचे गिरे दीपक की छाती पर खंभा गिर गया। वह खंभे के नीचे दबकर घायल हो गया। दीपक को मुलाना सीएचसी ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अस्थि विसर्जन करने से पहले ही हादसे का शिकार हुआ परिवार, फरीदपुर में मातम

**परिवार के पांच सदस्यों की मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

करनाल के घरौंडा क्षेत्र का गांव फरीदपुर मंगलवार को गहरे शोक और मातम में डूब गया। परिवारजन अपने स्वजन की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने हरिद्वार जा रहे थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। रास्ते में उनकी कार उत्तर प्रदेश के तितावी पास हादसे का शिकार हो गई। इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में परिवार के पांच सदस्यों सहित चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

गांव फरीदपुर निवासी 51 वर्षीय महेंद्र की बीमारी के चलते सोमवार को मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे परिजन दो गाड़ियों में हरिद्वार के लिए रवाना हुए। परिजनों की इच्छा थी कि महेंद्र की अस्थियां गंगा में प्रवाहित की जाएं। लेकिन घर से निकले हुए अभी आधा घंटा ही हुआ था कि परिजनों को दिल दहला देने वाली खबर मिली,उनकी एक कार हादसे का शिकार हो गई है। कार में महेंद्र की पत्नी, दो बेटे, जीजा और दो बहनें सवार थे। हादसा इतना भयंकर था कि चालक समेत छह लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मरने वालों में पत्नी मोहिनी (47 वर्ष), जीजा राजेंद्र (61 वर्ष), बहन विम्मी (56 वर्ष), बहन अंजू (45 वर्ष) और बेटा पियूष (19 वर्ष) शामिल हैं। जबकि छोटा बेटा हार्दिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां वह जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है।



**घरौंडा।** शोक जताती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

### गांव में माहौल गमगीन

घटना के बाद गांव फरीदपुर में मातम छा गया। एक ही परिवार के इतने सदस्यों के अचानक चले जाने से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो उठा। लोगों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं।परिजनों ने बताया कि मृतक महेंद्र लंबे समय से बीमार थे और उनका बड़ा बेटा पियूष तथा छोटा बेटा हार्दिक अविवाहित थे। पीयूष व हार्दिक पानीपत में दुकान चलाकरपूरे पूरे परिवार की आजीविका कमा रहा था। अब पूरे परिवार में केवल हार्दिक ही जीवित बचा है, जो गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। एक ही परिवार के पांच सदस्य एक साथ चले जाएं, यह किसी भी परिवार के लिए असहनीय दर्द है।

## गोदाम में शार्ट सर्किट होने से लगी आग, सामान जलकर राख

**तरावड़ी।** तरावड़ी में पानी की टंकी व अन्य सामान बनाने वाली फैक्टरी के गोदाम में शार्ट सर्किट होने से भयंकर आग लग गई। इससे करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे इलाके में फैल गईं। आग पर काबू पाने में करनाल व कुरुक्षेत्र की 12 मशीनों को करीब चार घंटे मशक्कत करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पिछले चार घंटे से लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। आग की लपटों से गोदाम का टीन शेड पूरी तरह जल गया और अंदर रखा सारा माल भी खाक हो गया। फैक्ट्री में प्लास्टिक पाइप का काम होता था, जिससे आग और तेज हो गई। मौके पर पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और आसपास के लोगों को वहां से दूर किया। गनीमत रही कि आग लगने के समय लेबर के लोग अंदर नही थे। बुधवार की सुबह 9 बजें ज्योंति आइनांक्स प्राइवेट लिमिटेड के बिजली बोर्ड के आगे बने गोदामों में शार्ट सर्किट होने से अचानक भयंकर आग लग गई।

■ फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों को करनी पड़ी मशक्कत



**तरावड़ी।** गोदाम मे भयंकर आगजनी की तस्वीर

## विदेश भेजने के नाम पर ठगे 33.38 लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर नौ युवकों से 33.38 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी शहबाज व मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद साजिद व मोहम्मद चांद पर लगे हैं। आरोपियों ने युवकों को रूस, कजाकिस्तान, यूके व सिंगापुर भेजकर रोजगार दिलवाने का झांसा दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की बावा कॉलोनी निवासी अश्वनी कुमार ने बताया कि वह कुवैत में काम करने गया था। इस दौरान कंपनी बंद होने पर वह चार अगस्त 2024 को भारत वापस लौट आया। उसने फिर से विदेश जाने का प्लान बनाया। उसने देहरादून स्थित इमीग्रेशन सेंटर के एजेंट उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी शहबाज से मुलाकात की। आरोपी शहबाज ने उसे विदेश भेजने का वायदा किया और शुरुआत में दस हजार रुपये नकद व दस्तावेज ले लिए। इसके बाद देहरादून इमीग्रेशन सेंटर के दफ्तर बुलाया और 20 हजार रुपये ले लिए। इस दौरान आरोपी ने उससे रूस भेजने के नाम पर दो लाख 30 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद शहबाज ने कहा कि पासपोर्ट की फोटो मिलान नहीं हो रहा। इसलिए कोलकाता एंबेसी जाना पड़ेगा। कोलकाता पहुंचने पर काम न होने पर शहबाज ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के मोहम्मद चांद व मोहम्मद साजिद का नंबर दिया। आरोपियों ने उसका साक्षात्कार कराया। चांद ने उसे बिजनेस वीजा भेजा और कहा कि रूस से कजाकिस्तान भेजकर वर्क परमिट लगवाएंगे।

■ तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**शरदीय नवरात्र के नवमी पर्व पर किया कंजक पूजन और कई स्थानों पर लगे भंडारे**

## श्रद्धालुओं ने मंदिरों में की मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना

■ मां बाला सुंदरी और मां शाकुंभरी के मंदिरों में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शरदीय नवरात्रि के अवसर पर बुधवार को प्रदेशभर में दुर्गा नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। खास बात यह है कि दुर्गा नवमी पर्व पर भी कुछ श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन कर उपवास खोला और मां के मंदिरों में जाकर नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री के दर्शन किए।

वहीं, दुर्गा नवमी के अवसर पर कई स्थानों पर हवन यज्ञ व भंडारों का आयोजन किया गया। इससे एक दिन पहले अधिकांश श्रद्धालुओं ने दुर्गा अष्टमी के अवसर पर भी कंजक पूजन कर अपना उपवास खोला था। बुधवार सुबह दुर्गा नवमी पर्व के अवसर पर जिले में मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी। इस दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने दुर्गा नवमी पर मंदिरों में मां के दर्शन व पूजन कर अपना उपवास खोला। जबकि कुछ श्रद्धालु जिन्होंने नवमी तक उपवास रखे हुए थे उन्होंने अपने घरों पर कंजक पूजन कर व्रत खोला। श्रद्धालु महीपाल, सुबोध, रविंद्र, कुलबीर सिंह व रविश का कहना है कि वह हर वर्ष आने वाले शरदीय व चैत्र शुक्ल पक्ष के नवरात्रों में मां के नौ दिन तक दुर्गा नवमी तक उपवास रखते हैं। इसके बाद वह दुर्गा नवमी पर ही कंजक पूजन कर उपवास खोलते हैं।





**यमुनानगर।** दुर्गा नवमी पर्व पर मां दुर्गा के मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइनों में लगे हुए श्रद्धालु और कंजकों को प्रसाद ग्रहण करवाते हुए श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### मां के नौवें स्वरूप की पूजा

दुर्गा नवमी के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की।

### कई स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन

इस दौरान कई स्थानों पर भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। मां वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी दिव्य दत्त शर्मा ने बताया कि शरद नवरात्र में मां के नौंवे स्वरूप मां सिद्धिदात्री का पूजन करना बड़ा फलदायी है।

### मेले में जुटी भारी भीड

मां शाकुंभरी व मां बालासुंदरी जिले की सीमा स्थित त्रिलोकपुर में चल रहे मां बाला सुंदरी मंदिर के चौदह दिवसीय मेले में बुधवार को हरियाणा, हिमाचल समेत अन्य प्रदेशों के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन किए। वहीं, जिले के साथ लगते यूपी क्षेत्र में सिद्धपीठ मां शाकुंभरी के मंदिर में भी हरियाणा के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन कर पूजा अर्चना की और अपना उपवास खोला।

## प्रिंस हत्या : दो नाबालिग सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

■ 27 सितम्बर को आरोपियों ने चाकूओं से गोदकर कर दी थी प्रिंस की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने प्रिंस हत्या मामले में दो नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने आरोपी मनीष कुमार व राजन कुमार वासीयान गांधी नगर थानेसर तथा आरोपी अनवर पुत्र वासी थानेसर कुरुक्षेत्र तथा गांधीनगर व डेहा बस्ती कुरुक्षेत्र वासी 2 नाबालिगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल तथा रॉड बरामद की है। निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी मनीष और पारस की आपस में रंजिश थी। निरीक्षक ने बताया कि सेक्टर-17 के एक शोरूम में काम करने वाली लड़की के साथ पहले मनीष की दोस्ती थी। बाद में उसे लड़की के साथ पारस की दोस्ती हो गई। इसी बात को लेकर उनकी आपस में अनबन हो गई थी। करीब 25 दिन पहले भी मनीष और पारस की आपस में कहासुनी हुई थी। इसके बाद मनीष पारस से रंजिश रखने लगा था।

### रंजिश के कारण हत्या

इसी रंजिश के कारण 27 सितंबर को उन्होंने पारस और उसके भाई प्रिंस पर हमला किया था। निरीक्षक ने बताया कि मनीष पारस से रंजीश रखता था और उसके साथ मारपीट करने का मौका तलाश रहा था। मनीष पारस के घर और ड्यूटी पर जाने के समय उसकी रैकी करता था। 27 सितंबर को आरोपी मनीष ने पारस की रैकी की थी।

## खबर संक्षेप

### यज्ञ में आहुति देकर सभी के लिए की मंगलकामना

**रादौर।** श्यामा पब्लिक स्कूल धौडंPग में बुधवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान माँ दुर्गा की आराधना एवं आशीर्वाद प्राप्ति के लिए विद्यालय प्रांगण में हवन हुआ जिसमें सभी ने आहुतियां डालकर सभी के लिए मंगलकामना की। विद्यालय की डायरेक्टर शशि बाटला ने मां दुर्गा से समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

### धर्म और सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में बुधवार को दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के खेल मैदान में विशाल जनसमूह की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रावण दहन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाया गया 15 फुट के रावण का पुतला रहा है

### मारपीट के आरोप में आठ के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव रतौली में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर कस्सी व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आठ आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## भाई के मूर्छित होने पर श्रीराम के मार्मिक विलाप से दर्शक हुए गमगीन

# महाबली मेघनाथ ने छोड़ा ब्रहमास्त्र, मूर्छित हुए लक्ष्मण

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब द्वारा नाचरौन में आयोजित की जा रही श्रीरामलीला





यमुनानगर। गांव नाचरौन में आयोजित रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा के दृश्य मंचन में विलाप करते प्रभु श्रीराम व मुख्यातिथि राम स्वरूप को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

- देर रात तक प्रभु प्रेमी पवित्रलीला के आनंद सागर में डूबे रहे
- बारहवें दिन शुभारंभ श्रीगणपति भगवान की आरती के साथ शुभारंभ

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में बारहवें दिन लक्ष्मण मूर्छा का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान देर रात तक प्रभु प्रेमी पवित्रलीला के आनंद सागर में डूबे रहे। श्रीरामलीला में विभिन्न पात्रों का किरधार निभा रहे कलाकारों द्वारा लक्ष्मण मूर्छा का मार्मिक दृश्य मंचन करके घंटो तक श्रद्धालुओं को भावविभोर किए रखा। लक्ष्मण मूर्छा के दृश्यमंचन का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं समाजसेवी पेट्रोल पंप संचालक राम स्वरूप व डॉ. संध्या पांचाल रादौर ने रिबन काटकर किया। नाचरौन में चल रही श्रीरामलीला का बारहवें दिन शुभारंभ श्रीगणपति भगवान की आरती के साथ हुआ। इसके बाद प्रथम दृश्य मंचन में महाराजा रावण अपने कई महारथियों के रणभूमि में मृत्यु को प्राप्त होने पर दुखी हो जाते हैं। वह क्रोध में आकर स्वयं रणभूमि में जाने के लिए आहवान करते हैं। मगर इस दौरान उनका पूत्र मेघनाथ उनसे आज्ञा लेकर युद्धभूमि में चला जाता है।

### मेघनाथ के तीर से मूर्छित हुए लक्ष्मण

रामलीला में अगले दृश्य में युद्ध में रावण की ओर से उनका बेटा मेघनाथ और भगवान श्रीराम के खेमे से उनका छोटा भाई लक्ष्मण युद्ध करने रणक्षेत्र में पहुंचते हैं। दोनों वीरों के बीच भीषण युद्ध होता है। जिसमें मेघनाथ लक्ष्मण पर विजय पाते नहीं देख ब्रह्म अस्त्र चला देता है। ब्रह्मास्त्र के लगने से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। जिसके बाद भगवान श्रीराम के खेमें में कोहराम मच जाता है। मगर विभिषण द्वारा लंका में सुसैन नामक वैध के होने के बारे में श्रीराम को बताया जाता है। जिसके बाद महाबली श्रीहनुमान लंका में जाकर वैध सुसैन को उसके घर समेत उठा लाते हैं। पहले तो वैध सुसैन अपने देशभक्ति का उद्हारण देकर लक्ष्मण को देखने से मना कर देते हैं। मगर जब विभिषण द्वारा उन्हें देश भक्ति से भी बढ़कर उनके वैध होने के धर्म को बताते हैं तो वह मान जाते हैं। वह लक्ष्मण की नाड़ियां देखकर बताते हैं कि वह जीवित हो सकते हैं। मगर उनके लिए ऋषियामुख पर्वत से संजीवनी बुटी लानी होगी। जिस पर सबके संकटहर्ता हनुमान द्वारा ऋषियामुख पर्वत से संजीवनी लाई जाती है। जिसके पिलाने से लक्ष्मण की मूर्छा टूट जाती है और वह स्वस्थ हो जाते हैं। इस दृश्य में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमूग्ध कर दिया। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल राणा कोच, रविंद्र राणा, सेठपाल, दीपक, यशपाल राणा व राहुल,मुकेश जेलदार, पवन शर्मा, संदीप राणा, यशपाल आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल व्यासपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

### श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का किया सुंदर चित्रण

**यमुनानग।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल व्यासपुर में दशहरा पर्व एवं महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष विपिन सिंगला और सदस्य वीरेंद्र बंसल भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की मुख्याध्यापिका मोनिका कश्यप ने की। विद्यालय की मुख्याध्यापिका मोनिका कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने रामायण मंचन प्रस्तुत किया। जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का अत्यंत सुंदर और भावनात्मक चित्रण किया गया। इसमें वर्णित ने श्रीराम, अंशवीर ने लक्ष्मण, आरव ने हनुमान, अगम ने दशरथ, हिमानी ने सीता, गगनदीप ने सुग्रीव, देवेंद्र ने बाली, ओमवीर ने रावण, गौतम ने हिरण्य कश्यप, आदि ने मेघनाद, हरगुन और कनिका ने विभिन्न पात्र तथा सुहान ने नारद का अभिनय कर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों के अभिनय, संवाद और वेशभूषा ने पूरे वातावरण को राममय बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मधुकर, अध्यापिका रेखा, शिवांगी, शोभा, अंजु नैयर, विमल व नितिका आदि मौजूद रही।

### प्रभु श्रीराम व सीता की सुंदर पोशाकों में सजे बच्चे

रादौर। मून स्टार प्री स्कूल रादौर में बुधवार को दशहरा व गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने प्रभु श्रीराम व सीता की सुंदर-सुंदर पोशाकें पहनकर सभी को अचंभित कर दिया। मौके पर बच्चों ने भजनों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने विद्यार्थियों को दशहरे की महिमा के बारे में बताया कि इस दिन श्री राम जी ने रावण का वध करके बुराई पर अच्छाई की जीत प्राप्त की थी। साथ ही बच्चों को बताया कि दो अक्टूबर के दिन को राष्टNीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि इस दिन राष्टNपिता महात्मा गांधी जी का जन्म हुआ था। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रीतू देवी ने विद्यार्थियों को विजयादशमी व गांधी जयंती की बधाई दी। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।



# मांगों को लेकर आंगनबाडी वर्कर्स ने दिया धरना

- मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की सदस्यों ने बुधवार को मांगों को लेकर सचिवालय के सामने अनाजमंडी गेट पर धरना दिया। इस दौरान यूनियन सदस्यों ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। इसके उपरांत यूनियन सदस्यों ने सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार सुबह आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की सदस्य सचिवालय के सामने अनाज मंडी गेट पर इकट्ठी हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन की जिला प्रधान कमलेश देवी ने की। इस दौरान यूनियन सदस्यों ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यूनियन पदाधिकारी वीना रानी और राजरानी ने कहा कि आईसीडीएस योजना को शुरू हुए हुए लगभग 50 वर्ष हो गए हैं। यह योजना 2 अक्टूबर 1975 में चलाई गई थी। भारत सरकार द्वारा चलाई गई पहली ऐसी योजना होगी जिसको चलते हुए 50 साल हो गए हैं। 50 साल बाद भी सरकार हमें कर्मचारी का दर्जा देने के लिए तैयार नहीं है। सरकार की इन गलत नीतियों के कारण ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सेविकाओं ने समाज में कोई भी सम्मान नहीं पाया। सरकार द्वारा चलाई गई सभी स्कीमों को लाभार्थियों तक पहुंचाने का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ही कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जो भी कार्य दिया गया, उसने पूरी निष्ठा के साथ किया और सरकार की योजनाओं को सफल बनाया। परंतु सरकार ने कभी भी उनकी स्थिति को सुधारने के लिए कोई संज्ञान नहीं लिया। रादौर की प्रधान सर्बजीत कौर ने सरकार से मानदेय बढ़ाए जाने की मांग की है।



यमुनानगर। जिला सचिवालय के सामने धरने पर बैठकर नारेबाजी करती आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की सदस्य।

### ये रहे मौजूद

मौके पर सरबजीत, स्वर्णकौर, सुनीता, सुषमा, मुस्तफाबाद से वीना रानी, राजरानी, हरविंदर कौर, सरोजबाला, छछरौली से मिथिलेश गुप्ता, विजय शर्मा, रमेश कौर व गुरविंदर कौर आदि मौजूद रही।

# स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूली बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश

- स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में बुधवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर स्वच्छता अभियान चलाकर सभी को सफाई रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की अध्यापिकाओं व बच्चों ने भाषण के माध्यम से गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से संबंधित विशेष तथ्यों के बारे में जानकारी दी। महात्मा गांधी के आदर्शों को ध्यान में रखते स्कूल की अध्यापिका भारती द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। पहल का उद्देश्य छात्रों और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बच्चों ने रैली व पोस्टर मेकिंग गतिविधि के माध्यम से पृथ्वी को हरा भरा रखने का संदेश भी दिया। जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अलावा बच्चों ने श्री राम व रावण के सुंदर मुखौटे भी बनाए।



यमुनानगर। स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

# यमुनानगरः की मंडियों में 48,314 मीट्रिक टन ग्रेड ए धान की आवक

- डीसी ने की किसानों को मंडी में धान की फसल सुखाकर लाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक जोरों पर हैं। जिले की सभी 13 मंडियों में अभी तक 48.314 मीट्रिक टन ग्रेड ए धान की आवक हो चुकी है। जिला उपायुक्त ने किसानों को मंडियों में धान की फसल सुखाकर लाने की अपील की है ताकि किसानों को फसल बेचने में असुविधा न हो। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक जतिन मित्तल ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान दो हजार 389 रुपये प्रति क्विंटल तथा कॉमन ग्रेड धान दो हजार 369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। बताया कि 30 सितंबर तक जिला की सभी 13 मंडियों में 48,314 मीट्रिक टन ग्रेड ए धान की आवक हो चुकी है। बताया कि इस अवधि में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 17,800 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 18,129 मीट्रिक टन, हरियाणा भंडारण निगम द्वारा 12,385 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। बताया कि व्यासपुर अनाज मंडी में 4,321 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 4,309 मीट्रिक टन, गुमथला राव अनाज मंडी में 994 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। इसके साथ ही जगाधरी अनाज मंडी में 8,147 मीट्रिक टन, जठलाना अनाज मंडी में 185 मीट्रिक टन, खारवन अनाज मंडी में 888 मीट्रिक टन, प्रतापनगर अनाज मंडी में 828 मीट्रिक टन, सरस्वती नगर अनाज मंडी में 14,395 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 6,172 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।



यमुनानगर की अनाज मंडी में बिकने को आई हुई धान की लगी हुई ढ़ेरियां।

### रामचरण बने राजकीय अध्यापक संघ के प्रधान

**यमुनानगर।** राजकीय अध्यापक संघ-70 हरियाणा (संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ) यमुनानगर के छछरौली खंड की नई कार्यकारिणी का बुधवार को सर्वसम्मति के चुनाव किया गया। चुनाव कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में राजकीय अध्यापक संघ के प्रांतीय चेयरमैन यशपाल ढांडा ने भाग लिया। वहीं, जिला उप प्रधान रमेश शर्मा, सुनील शास्त्री व तलविंदर शास्त्री ने चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में भाग लिया। मंच संचालन राज्य कोषाध्यक्ष विनोद जिंदल ने किया। चुनाव पर्यवेक्षक रमेश शर्मा ने बताया कि छछरौली खंड की नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से रामचरण गर्ग मौलिक मुख्याध्यापक को खंड प्रधान, प्रदीप कलेर जेबीटी अध्यापक को खंड महासचिव, संजीव कुमार संस्कृत अध्यापक को वरिष्ठ उपप्रधान, सुदेश कुमार मुख्य शिक्षक को खंड चेयरमैन, हरदयाल संस्कृत अध्यापक को कोषाध्यक्ष, बलविंदर सैनी एसएस अध्यापक को उप प्रधान बनाया है।

# घर-घर जाकर मतदाताओं की पड़ताल की जाएगी

- जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर आयोजित की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व चारों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया। अध्यक्षा अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत मतदाता सूचियों से अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाना तथा पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करवाया जाना है। ताकि मतदाता सूचियों को त्रुटि मुक्त किया जा सके। सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट बनाने का अनुरोध किया। बताया कि जिला के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नियुक्त बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र से संबंधित मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाताओं की पड़ताल की जाएगी।



यमुनानगर के जिला सचिवालय में आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

### पुनरीक्षण कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अपने बूथ स्तर पर सतर्कता के साथ कार्य करें और मतदाता सूची को सटीक एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय सहयोग दें। जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, नायब तहसीलदार चुनाव प्रशांत शर्मा, इलेक्शन कानूनगो सढौरा रजत कुमार मौजूद रहे।

## जिले में रावण दहन कार्यक्रम को लेकर 300 पुलिस कर्मचारी तैनात

# दशहरा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े प्रबंध

### डीएसपी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में किया गया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दशहरा पर्व को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिले में रावण दहन कार्यक्रम को लेकर 300 पुलिस कर्मचारी तैनात किए हैं। इसके साथ ही डीएसपी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है ताकि जिले में जन सुरक्षा और कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिले में सुरक्षा दृष्टि से सतर्कता बढ़ा दी गई है। सभी प्रमुख दशहरा स्थलों पर डीएसपी स्तर के अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि डीएसपी मुख्यालय कमलजीत सिंह को मॉडल टाउन दशहरा ग्राउंड, रेलवे वर्कशॉप, हनुमान गेट जगाधरी, सेक्टर-18 हुड्डा जगाधरी, तेजली खेल परिसर के सामने, जिंदल पार्क यमुनानगर, राम पार्क, आईटीआई के सामने मंडी मैदान और पटेल नगर पार्क यमुनानगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि अतिरिक्त डीएसपी बिलासपुर को साढौरा, व्यासपुर व छछरौली में आयोजित होने वाले रावण दहन के कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्रों में रावण दहन स्थलों पर मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।



यमुनानगर। पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

### दशहरा मैदानों के चारों ओर की जाएगी बैरिकेडिंग

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिले के प्रत्येक दशहरा मैदान के चारों ओर बैरिकेडिंग की जाएगी और पुलिस बल की तैनाती रहेगी। पुलिस प्रशासन ने जिले में तैनात सभी पीसीआर, पुलिस राइडर, ईआरवी गाड़ियों, 14 एंबुलेंस, 14 फायर ब्रिगेड गाड़ियों और रिकवरी वैन को किसी भी असामाजिक गतिविधि की निगरानी और तत्काल कार्रवाई के लिए सतर्क कर दिया है। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध करते हुए दुर्गा शक्ति टीम की महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है।

### त्योहारों के मद्देनजर बरतें सावधानी

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए महिलाओं से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शॉपिंग करते समय पर्स, मोबाइल और आभूषणों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें।

# मानदंड अनुसार करें प्रॉपर्टी ऑब्जेक्शन दुरुस्तः प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रॉपर्टी आईडी ऑब्जेक्शन दुरुस्तीकरण में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए नगर निगम कार्यालय में एनडीसी पोर्टल के सभी मेकर व चेकर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम के आयुक्त महाबीर प्रसाद ने की।उन्होंने सभी मेकर चेकर को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के मानदंड अनुसार ऑब्जेक्शन दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी मेकर व चेकर को लंबित ऑब्जेक्शन समय पर निपटाने और बिना किसी कारण ऑब्जेक्शन रिवर्ट करने पर शोकॉज नोटिस देने और वेतन काटने की चेतावनी दी।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि एसओपी में प्रॉपर्टी आईडी बनानेए उप विभाजित करनेए अप्रूव्ड व अनअप्रूव्ड एरिया की प्रॉपर्टी आईडी बनाने के लिए आवश्यकता दस्तावेजों की जानकारी दी गई है।



यमुनानगर। बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद।

## रोशन प्रिंस व हर्ष सिकंदर ने विशाल भगवती जागरण में प्रस्तुतियों से बांधा समां


कुरुक्षेत्र। भजनों की प्रस्तुति देते सुप्रसिद्ध पंजाबी फिल्म सुपरस्टार एवम् प्लेबैक सिंगर रोशन प्रिंस।

# श्रीदुर्गाष्टमी जागरण पर मुख्यमंत्री ने की मां भद्रकाली की महाआरती लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में महापर्व नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीदुर्गाष्टमी जागरण का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध पंजाबी फिल्म सुपरस्टार एवं प्लेबैक सिंगर रोशन प्रिंस ने दूसरी बार अपने भजनों से हाजरी लगाई, साथ ही सारेगामापा लिटल चैम्प विजेता हर्ष सिकंदर द्वारा भी माँ भद्रकाली के चरणों में अपनी मधुर आवाज में हाजिरी लगाई गई। इस शुभ अवसर पर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा माँ भद्रकाली का पूजन अर्चन कर माँ भद्रकाली की महाआरती लॉन्च की। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सान्निध्य मे सीएम ने श्रीदेवीकूप पर पूजन किया।


कुरुक्षेत्र। महाआरती लॉन्च करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### हजारों भक्त रहे मौजूद

गर्भगृह से निकलने वाली माँ भद्रकाली जी की उत्सव प्रतिमा को पूर्ण रीति रिवाज ,आदर सहित जागरण पंडाल में शंख, घंटियों व जयकारों के उद्घोष के साथ पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा के सानिध्य में कृषि मंत्री हरियाणा सरकार श्याम सिंह राणा,मुख्य यजमान एमिल ग्रुप से के के शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, अशोक राणा, विशाखा राणा व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा स्थापित किया गया। इस दौरान जागरण पंडाल में हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। शक्तिपीठ द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए विशेष पास जारी किए गए थे और बैठने के अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए थे।

### कन्याओं का किया पूजन

महाआरती के बाद आरती तैयार करने वाली टीम जिसमें म्यूजिक डायरेक्टर डॉ अमित जोशी, गायक लवली रामपाल, एमजी रिकॉर्ड से नीतू शर्मा, वीडियो डायरेक्टर राजू मलिकपुर को सम्मानित किया गया। नव दुर्गा महापूजन हुआ जिसमें नव देवियों के स्वरुप में सजी कन्याओं का पूजन एवं अभिनंदन किया गया। भारत माता पूजन मंत्री श्याम सिंह राणा व सुभाष सुधा द्वारा किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एमके मौदगिल, देवेंद्र गर्ग, संजीव मित्तल, स्नेहिल शर्मा, प्रो हेम राज शर्मा, शकुंतला देवी, हाकम चौधरी, डॉ अन्नुपाल शर्मा, डॉ वंदना शर्मा, ऋषि तोमर, आशीष दीक्षित, मोना, सुरभि, विवेक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मां शाकुंभरी देवी मंदिर में नवमी पर हुआ भंडारा

कुरुक्षेत्र। नवरात्र की नवमी पर मां शाकुंभरी देवी मंदिर नरकातारी रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित रमेश चंद्र ब्रिजवासी वृंदावन वाले के अनुसार सबसे पहले पूजा अर्चना की गई। उसके बाद कन्याओं को भोज करवाया गया। भक्त जनों ने बढ़ चढ़कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन शरद, हर्ष, हिमांशू, जितेन्द्र के परिवार के द्वारा किया गया। सेवादार सूरज रोहिल्ला, टोनी रोहिल्ला भी मौजूद रहे।

### केयू में 3 को घोषित किया स्थानीय अवकाश

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना जारी कर 3 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह निर्णय 2 अक्टूबर (गजट अवकाश) तथा 4 व 5 अक्टूबर (शनिवार और रविवार) को पड़ने वाले साप्ताहिक अवकाश को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अधिसूचना में बताया गया है कि इस स्थानीय अवकाश के बदले विश्वविद्यालय का कार्य दिवस बाद में तय किया जाएगा।

## नए आपराधिक कानूनों के साथ सकारात्मक परिणामों को दर्शाती प्रदर्शनी

# कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर कल गृह मंत्री अमित शाह प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

### आईजी अंबाला रेंज पंकज नैन ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आईजी अंबाला रेंज पंकज नैन ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के सकारात्मक परिणामों को दशार्ती भव्य प्रदर्शनी की अधिकतर तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला क्षेत्र में 3 अक्टूबर को इस प्रदर्शनी में देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शिरकत करेंगे। आईजी अंबाला रेंज पंकज नैन बुधवार को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला क्षेत्र में 3 अक्टूबर के कार्यक्रमों को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लेने के उपरांत अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 3 अक्टूबर की प्रदर्शनी को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाए तथा इस प्रदर्शनी में लगने वाले स्टॉल का सारा कार्य जल्द पूरा किया जाए।


कुरुक्षेत्र। मेला ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लेते आईजी अंबाला रेंज पंकज नैन।

### पुलिस अधीक्षक को दिए निर्देश

*पंकज नैन ने पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाए। इस कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए। यह महत्वपूर्ण प्रदर्शनी 4-5दिनों तक चलेगी, जिसे अधिवक्ता, छात्र, अभिभावक और आम नागरिक शामिल होकर आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए बदलावों को समझ सके। इस मौके पर एसपी अम्बाला अजीत शेखावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जींद सोनाक्षी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहतक शशी शेखर, डीएसपी अम्बाला विरेन्द्र सिंह, एसडीएम अभिनव सिवाच मौजूद रहे।*

### 3 अक्टूबर को धारा 163 रहेगी लागू

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि तीन नए कानूनों में सकारात्मक परिणामों को दशार्ती एक भव्य एवं वैभवशाली प्रदर्शनी 3 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला क्षेत्र में लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 3 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र के कार्यक्रम के मद्देनजर बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू रहेगी। आदेशों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड खेल मैदान केयूके में बनाया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए पुलिस द्वारा रुट तय कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में कानूनी व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मार्ग, हैलीपेड क्षेत्र व उसके आस-पास 75 मीटर के दायरे तक किसी का भी वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम स्थलों की 2 किलोमीटर परिधि के क्षेत्र में लाठी-डंडे, तलवार, गंडासी, अग्नेय व किसी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह खुला पेट्रोल, डीजल की बोतल, केन का प्रयोग नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही वीआईपी मार्ग, यूनिवर्सिटी व कार्यक्रम स्थल तथा आस-पास के क्षेत्र में ड्रोन उठाने पर पूर्णत्य प्रतिबंध रहेगा।

### नागरिकों को जागरूक करना उद्देश्य

पंकज नैन ने कहा कि प्रदर्शनी में वास्तविक जीवन के उदाहरणों को भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए जहां इन कानूनों के लागू होने के बाद जघन्य अपराधों का अति शीघ्र समाधान किया गया हो। इससे लोगों को इन सुधारों के सकारात्मक प्रभाव को देखने में मदद मिलेगी। इस प्रदर्शनी का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के माध्यम से भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों के बारे में नागरिकों को जागरूक और शिक्षित करना है।

## प्रतियोगिता विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मंच


कुरुक्षेत्र। प्रतिभागियों को संबोधित करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

- अंबाला जोन के अंतर्गत दो दिवसीय जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करने और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। विज्ञान और तकनीक ही राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला हैं। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंबाला जोन के अंतर्गत दो दिवसीय जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रतियोगिता में विजयी और पराजित होना महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि विद्यार्थी इस मंच से सीख लेकर आगे बढ़ें और जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा तार्किक सोच को अपनाएँ। आज की युवा पीढ़ी में अपार ऊर्जा, प्रतिभा और जिज्ञासा है, आवश्यकता केवल उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन देने की है।

### किठाना पब्लिक स्कूल कैथल रहा प्रथम

सुभाष सुधा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहें बल्कि प्रयोगात्मक शिक्षा और नवाचार को जीवन का हिस्सा बनाएं। विज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, ज्ञान और तर्कशक्ति को बढ़ाती हैं और उन्हें प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग की भावना भी सिखाती हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध विद्यालयों में किठाना पब्लिक स्कूल कैथल ने प्रथम स्थान,एम एल एन विद्यालय यमुनानगर ने द्वितीय तथा एसडी स्कूल यमुनानगर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक इंदु कौशिक, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. तरसेम कौशिक, सतबीर कौशिक, राजेश सैनी, रामेशवर दास, पूजा,रमेश सैनी, सीमा, राजेंद्र कुमार, राजेश कुंडु, रवि दत्त, सचिन, विजय पघाल इत्यादि विद्यार्थी तथा शिक्षक उपस्थित रहे।


कुरुक्षेत्र। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा को इनोवा गाड़ी भेंट करती गांव झींडा व रत्तक की संगत।

### एचएसजीएमसी प्रधान जगदीश सिंह को गांव झींडा व रत्तक की संगत ने उपहार स्वरूप दी इनोवा गाड़ी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान बनने के उपरांत गुरु घर की गाड़ी न प्रयोग करने का फैसला लेने वाले जत्थेदार जगदीश सिंह को उनके गांव झींडा एवं रत्तकवासियों ने इनोवो गाड़ी भेंट की। दोनों गांवों की संगत ने गाड़ी भेंट करने से पहले ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में शीश नवाया और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की हजूरी में प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा को सिरोपा पहना कर उनका सम्मान किया। इस दौरान गुरु साहिब के चरणों में पंथ व जत्थेदार झींडा की चढ़दीकलां के लिए संगत ने अरदास भी की। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कार्यकारिणी समिति के मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर हरमनप्रीत सिंह, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी एवं कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, नरेंद्र सिंह, निजी सचिव शमशेर सिंह, फलाईंग विभाग प्रभारी जज सिंह, अकाउंट विभाग प्रभारी रेशम सिंह, गुरुद्वारा इंस्पेकटर शाखा प्रभारी प्रीतम सिंह, आईटी विंग प्रभारी हरकीरत सिंह, सुपरवाईजर अमरीक सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### महापुरुषों को नमन कर मनाया स्वदेशी सप्ताह

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 में 25 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में अनेक गतिविधियां हुई। कार्यक्रम का संचालन दयानंद सदन द्वारा किया गया। वंदना सत्र में छात्रों को स्वदेशी वस्तुओं के विषय में बताया गया एवं छात्रों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ दिलाते हुए कहा गया कि स्वदेशी उत्पाद प्रयोग करने से हमारे राष्ट्र का विकास होगा। प्रतिदिन वंदना सत्र में नारे भी लगाए गए। विद्यालय में यह सप्ताह प्रतिवर्ष 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाता है। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने वंदना सत्र में छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमें विदेशी वस्तुओं की अपेक्षा स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए ।

## आज और कल शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र में 3 अक्टूबर को वीवीआईपी आगमन को लेकर जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। वीवीआईपी आगमन के मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस द्वारा आमजन की सुविधा को देखते हुए ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट प्लान तैयार किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि कुरुक्षेत्र शहर में आने वाले सभी मार्गो पर नाके लगाए गए हैं जो यातायात वयवस्था को संभालेंगे। कुरुक्षेत्र शहर में भारी वाहनों की एंट्री बैन की गई है। 2 अक्टूबर दोपहर से 3 अक्टूबर देर शाम तक ट्रैफिक डायवर्ट प्लान इस प्रकार है।

### ये रहेगा डायवर्ट प्लान

*जिला कैथल, जिला पटियाला की तरफ से आने वाले ट्रैफिक जिन्होने सहारनपुर, हरिद्वार (उत्तरप्रदेश), हिमाचल प्रदेश, उतराखण्ड जिला यमुनानगर के क्षेत्र में जाना है वो वाहन पेहवा बाईपास एनएच-152 से होकर ईस्माईलाबाद बाईपास से होते हुए गांव ठोल, कुरडी, नलवी, शाहाबाद के रास्ते अपने गन्तव्य को जा सकते हैं। जिला कैथल की तरफ से आने वाली ट्रैफिक जिन्होने सहारनपुर, हरिद्वार या इससे आगे यूपी, इन्द्री, लाडवा, जिला यमुनानगर के क्षेत्र में जाना है तो वह ट्रैफिक पेहवा से ढाण्ड, कैथल से ढाण्ड यानि जो भी ट्रैफिक ढाण्ड आएगी वह ट्रैफिक कुरूक्षेत्र न होकर गांव कौल के रास्ते से वाया निगदू निलोखेडी व इन्द्री के रास्ते से होते हुए अपने गन्तव्य को जाएगी।*

## पीएम फसल बीमा योजना : 1 करोड़ 17 लाख किसानों ने करवाया बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुरुक्षेत्र में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और हम 24 घंटे किसानों की सेवा के लिए तैयार खडे है। किसानों को उनसे सम्बन्धित योजनाओं का लाभ मिले, इस पर प्रदेश सरकार दिन रात काम कर रही है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बुधवार को एक निजी पैलेस में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि किसानों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में किसानों की आय दोगुनी की गई है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करीब 1 करोड़ 17 लाख किसानों ने इस योजना के अंतर्गत बीमा करवाया है। फोटो परिचय


कुरुक्षेत्र। किसान को पॉलिसी देते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### इस दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कृषि विभाग के उपनिदेशक डा.कर्मचंद ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मेरी पॉलिसी मेरे हाथ से सभी किसानों को फायदा होगा। इस मौके पर एआईसी के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय दीप, आरजीआईसीएल से सौयांश सिंह, एचडीएफसी से सचिन, एएसओ नीतू राय सहित विभाग के सभी अधिकारीगण और किसान उपस्थित थे।

### अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव



पिहोवा। अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल पिहोवा में विजयादशमी का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर यह संदेश दिया कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय धर्म और सत्य की ही होती है। रामायण के पात्र बने नन्हे-मुन्ने इस अवसर पर कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रामायण के विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के वेशभूषा और अभिनय ने मानो त्रेता युग की झलक उपस्थित कर दी। वहीं, नर्सरी से यूकेजी के अध्यापकों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका ने पूरे वातावरण को धार्मिक रंग से सराबोर कर दिया।

**कार्यक्रम** गीता कन्या विद्यालय में मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती

# किसानों एवं देश की सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए 'जय जवान-जय किसान' का दिया नारा

### कविताओं और भजनों से विजयादशमी पर्व के महत्व का गुणगान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वंदना सत्र में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या सुमन बाला ने कहा कि परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए अनुशासन में रहना अति आवश्यक है। समय सारिणी बनाकर प्रत्येक विषय की तैयारी करनी चाहिए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को हमेशा याद किया जाता है इसलिए प्रतियोगिता की भावना हमेशा रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी विशेष क्षेत्र में सिलाई- कढ़ाई, चित्रकला, योग एवं कुकिंग इत्यादि योग्यता होना भी बहुत आवश्यक है जिससे कि आप स्वावलंबी बनेंगे और अपना रोजगार स्वयं निर्मित कर सकते हैं। साथ ही अन्य लोगों को रोजगार देने वाले भी बनेंगे। वंदना सत्र में महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्राचार्या ने बताया कि महात्मा गाँधी ने भी स्वावलंबन की बात की थी।


कुरुक्षेत्र। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देती प्राचार्य व छात्राएं।

### हथकरघा उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया

प्राचार्या ने बताया कि हथकरघा उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया था जिससे कि हम स्वरोजगार तैयार कर पाएंगे। यही बात आज वर्तमान समय में अपने देश की अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए अति आवश्यक है। लाल बहादुर शास्त्री ने किसानों एवं देश की सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए जय जवान जय किसान का नारा दिया। उन्होंने अनाज की कमी को पूरा करने के लिए जनता को सप्ताह में एक दिन उपवास करने के लिए प्रेरित किया। ऐसे महान नेताओं के विचारों को हम सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

### विजयादशमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया

विद्यालय प्रांगण में विजयादशमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एकादश कक्षा की छात्रा सिद्धि, खुशी एवं कक्षा पंचम की मिष्ठी ने विजयदशमी पर्व पर कविता सुनाकर एवं आरुषि ने भजन सुनाकर विजयादशमी पर्व के महत्व का गुणगान किया। कक्षा तृतीय के छात्र केशव ने राम, कक्षा चतुर्थ की छात्रा यशवी सीता, कक्षा चतुर्थ के छात्र लक्ष्य ने लक्ष्मण एवं कक्षा प्रभात की छात्रा वेदिका ने भरत की भूमिका निभाई। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण को मारकर लंका पर विजय प्राप्त की थी तथा सीता माता को मुक्त करवाया था। मां दुर्गा ने नौ दिनों तक महिषासुर राक्षस के साथ युद्ध किया और दशमी तिथि को उसे पराजित कर धर्म की स्थापना की थी। विद्यालय प्रांगण में रावण का पुतला बनाया गया जो भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, हिंसा, द्वेष,लोभ, मोह,क्रोध,अहंकार और फेसबुक इंस्टाग्राम इत्यादि बुराइयों का प्रतीक हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल एवं महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती एवं विजयादशमी पर्व की विद्यार्थियों एवं आचार्यों को शुभकामनाएं दीं।



### नवयुग स्कूल में दशहरा पर विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में दशहरा के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा आकृति ने दशहरा त्यौहार पर अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए पपेट शो का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों ने रंगीन कागज से भगवान राम तथा देवी सीता के पपेट भी बनाए। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों को प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई गई जिसका शीर्षक 'चलो जीते हैं' है। कक्षा षष्ठम से द्वादश के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## बच्चों के साथ मिलकर रावण का दहन करके बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया

# नन्हे छात्रों ने कार्यक्रम में दिखाई शानदार प्रतिभा और पुलिस डीएवी स्कूल में मनाई दशहरा व गांधी जयंती

मनमोहक पोशाको में सजे नन्हे-मुन्ने




हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में गांधी जयंती और दशहरा के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधी जयंती वाले दिन देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन भी मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को गांधीजी व लाल बहादुर शास्त्री के विषय में बताया गया। गांधी को राष्ट्रपिता भी कहा जाता है और उन्होंने भारत की आजादी के लिए बहुत संघर्ष किया। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। बापूजी के तीन बंदर जो इस और संकेत करते हैं बुरा ना सुनो, बुरा ना बोलो, बुरा ना देखो बच्चों को इस विषय पर जानकारी दी गई और गांधी जी से संबंधित कविताएं बच्चों ने सुनाई। इस अवसर पर नर्सरी कक्षा के बच्चों ने मां तुझे पुकारे तथा वही यूकेजी के बच्चों ने गांधी का नाम बड़ा है सॉन्ग पर सुंदर प्रस्तुति दी और एल के जी के बच्चों ने बापूजी के देश प्रेम को सॉन्ग के माध्यम से बताया। दशहरे के ऊपर भी बच्चों ने बहुत-बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। दशहरे के दिन श्री राम ने रावण का दहन किया था। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

बच्चे रामायण के अलग अलग चरित्र की वेशभूषा में आये जो कि मन को मोह रहे थे। बच्चे राम , लक्ष्मण , सीता , हनुमान तथा रावण आदि बन कर आये। जहां छोटे-छोटे नर्सरी के बच्चों ने डांस प्रस्तुति दी। तो वही यूकेजी के बच्चों ने संपूर्ण रामायण नाटिका के माध्यम से दिखाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। बच्चों ने इस तरह से रामायण की प्रस्तुति दी कि ऐसा लगा जैसे साक्षात रामायण चल रही हो। एल के जी के बच्चों ने भगवान राम और हनुमान जी के प्रति प्रेम भाव को दर्शाते हुए सॉन्ग पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी , जिसे सभी ने सराहा ।


अंबाला। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे छात्र। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानाचार्य ने बच्चों को गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की तथा बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और भगवान राम के पद चिन्हों पर चलने का आशीर्वाद दिया और बच्चों के साथ मिलकर रावण का दहन करके बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम बड़े उत्साह से देखा और इंजॉय किया। इस दौरान सभी ने बच्चों की प्रस्तुति को जमकर सराहा। उनकी प्रस्तुति को देखकर बार-बार सभी तालियां बजाकर उत्साह वर्धन करते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 30 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 सितंबर 2025 को गांव रतनगढ़ जलबेडा रोड में स्थित उसके घर से सामने से आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर एवीटी सैल ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### शराब तस्करी में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित को 150 पव्वे अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस दल को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी मोहित अवैध शराब बेचने और रखने का कार्य करता है। पुलिस दल ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को 150 पव्वे अवैध शराब सहित काबू कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया।

### जेल से फरार बंदी को किया काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज बंदी अधिनियम के मामले में पुलिस ने 30 सितंबर 2025 को सीआईए-1 ने जेल से फरार बंदी आरोपी अजय कुमार को काबू कर लिया है। उप-अधीक्षक केंद्रीय कारागार ने 27 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि बंदी आरोपी अजय कुमार बिजली गुल होने का फायदा उठाकर जेल से फरार हो गया है। सीआई ने अब जेल से फरार बंदी को जिरकपुर से काबू किया है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### आईटीआई के 75 छात्रों ने किया भ्रमण

**शहजादपुर।** राजकीय आईटीआई भारांपुर के 75 छात्र-छात्राओं ने संस्थान के प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा निर्देशन में "सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थान राम मुलख कॉलेज ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन, खोरा-भूरा का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने वहां की शैक्षणिक व्यवस्था, प्रयोगशालाओं तथा अधिगम की नवीन तकनीकों का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करना था।

## रात्रि ठहराव के कार्यक्रम में पंचायत के आग्रह को डीसी ने मंजूर किया

# शहीद नरेश कुमार के नाम पर होगा पतरेहड़ी के सरकारी स्कूल का नाम

- राज्य सरकार से मांगी जाएगी परमिशन
- 50 से ज्यादा ग्रामीणों ने रखी शिकायतें, सभी के समाधान के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने गांव पतरेहड़ी में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में शिरकत की। यहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

कई शिकायतों का समाधान वहीं पर कर दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शहीद नरेश कुमार की माता कमला देवी को शाल भेंट कर सम्मानित किया ओर उनके चरण छू कर आशीर्वाद लिया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि उन्हें शहीद नरेश कुमार के गांव में आकर गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांगों एवं गांव के पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम शहीद नरेश कुमार के नाम पर करवाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि "हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए रात्रि ठहराव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रशासनिक अधिकारी गांवों में जाकर लोगों से आमने-सामने मिलें, उनकी वास्तविक समस्याओं को जानें और समाधान करें। उन्होंने कहा कि गांवों की समस्याएं और जरूरतें गांव में आकर जब हम लोगों से सीधे संवाद करते हैं तो हमें उनकी कठिनाइयों और जमीनी हकीकत का सही आकलन मिलता है। इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण विकास को गति देते हैं और सरकार की पारदर्शी छवि को मजबूत करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि "सभी लोग सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं। सरकार का लक्ष्य हर नागरिक तक योजनाओं को पहुंचाना है। प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर गांव की सरपंच गुरशरणी देवी व उनके पति कंवरपाल ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसडीएम शिवजीत भारती को फूलों का गुलदस्ता व स्मृति चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत द्वारा गांव की प्रमुख समस्याओं व विकास संबंधी मांगें डीसी के समक्ष रखीं।


शहजादपुर। उपायुक्त अजय सिंह तोमर रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों ने ग्रामीणों को दी जानकारी

*कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और विकासात्मक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा स्वरोजगार योजनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्रामीणों व आस पास की ग्राम पंचायतों ने विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 50 समस्याएं रखी जिनमें बिजली से संबंधित, बारिश के दौरान पानी की निकासी की समस्या एवं नाला निर्माण करवाने, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, नाजायज कब्जा हटवाने, परिवार पहचान पत्र में आय अधिक होने, बिजली खंबा एवं लाइन हटवाने, गली एवं नाला बनवाने, निशान देही शामिल रही। अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित पतरेहड़ी गांव के काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर सचिव आरटीए सुशील कुमार, डिप्टी सीईओ जिला परिषद राजन सिंगला, डीएसपी सूरज चावला, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, नायब तहसीलदार अमित वर्मा तथा बीडीपीओ शबनम रेलन समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।*

## अंबाला छावनी की घटना

# अचानक लगी आग से दुकान में मची भगदड़

फायर ब्रिगेड ने कुछ देर में ही आग पर पाया काबू, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी में बुधवार दोपहर एक दुकान में अचानक आग लग गई। आग दुकान में ही काम कर रहे स्टाफ और कुछ ग्राहक मौजूद होने के दौरान भड़क गई। घटनास्थल पर हल्का धुआं उठता दिखाई दिया, जिससे सभी के बीच अफरातफरी मच गई। दुकान के स्टाफ और वहां मौजूद ग्राहक तुरंत सुरक्षित स्थान की ओर भागे और बाहर आकर मदद की गुहार लगाई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने के प्रयास शुरू किए और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग के फैलने की संभावना को देखते हुए फायर ब्रिगेड ने समय रहते मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों के अनुसार, कोई बड़ी संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी के घायल होने की सूचना मिली है।

दुकान में काम करने वाले स्टाफ ने बताया कि दोपहर सामान्य काम चल रहा था, तभी अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग फैलने लगी। उन्होंने कहा कि अगर स्टाफ और ग्राहक तुरंत बाहर नहीं निकलते, तो नुकसान और बड़ा हो सकता था।



### सतर्क रहें: पंकज

मुख्य अग्निशामन अधिकारी पंकज पाराशर ने बताया कि आग लगने के समय दुकान में कई उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक सामान लगे थे, जिससे आग फैलने की आशंका थी। उन्होंने सभी दुकानदारों और नागरिकों से अपील की कि वे अपने व्यापारिक स्थलों में नियमित रूप से विद्युत उपकरणों की जांच करें और शॉर्ट सर्किट जैसी संभावित घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क रहें।

### यमुनानगर के सीएमओ डॉ. मंजीत का हुआ अंतिम संस्कार, बेटे ने दी मुखाग्नि

**कुरुक्षेत्र।** यमुनानगर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह के पार्थिव शरीर बुधवार को कुरुक्षेत्र जिले के शांति नगर, कुरड़ी स्थित स्वर्गधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुबह करीब 9.45 बजे सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह की बॉडी एम्बुलेंस में उनके नाना के गांव शांति नगर कुरड़ी पहुंची। आखिरी दर्शन के बाद उनके परिजन उनको गांव के स्वर्गधाम लेकर आए, जहां पूरे क्रिया कर्म के बाद उनके बेटे सात्विक ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और जींद से हेल्थ डिपार्टमेंट के लोग उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। डीजी हेल्थ डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश सभरवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. जगमिंद्र मलिक, एलएनजेपी अस्पताल के पूर्व एमएस डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली, डॉ. एनपी सिंह, पीएमओ यमुनानगर डॉ. जितेंद्र कुमार ने भी उनको श्रद्धांजलि दी।

### शहजादपुर में अनाज मंडी का निरीक्षण करतीं एसडीएम


शहजादपुर। एसडीएम अनाज मंडी का निरीक्षण कर धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए।

# मंडी में 60,007 क्विंटल धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

एसडीएम शिवजीत भारती ने बुधवार को अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी अधिकारियों, खरीद एजेंसी के अधिकारियों, किसानों व आढ़तियों से बातचीत की। निरीक्षण के क्रम में एसडीएम ने मंडी की पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था तथा साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने धान की बोरियों का वजन चेक किया जो निर्धारित मानकों के अनुसार सही पाया गया।

मार्किट कमेटी के सचिव अफसर ने बताया कि धान खरीद के उपरांत एक बोरी का कुल वजन 38 किलो 200 ग्राम होना चाहिए, जिसमें 37 किलो 500 ग्राम धान व 700 ग्राम बोरी का वजन निर्धारित है। एसडीएम ने मंडी में स्थापित हेल्प डेस्क, गेट पास व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। मार्किट कमेटी कार्यालय में लगे एलईडी स्क्रीन पर उन्होंने मंडी और खरीद केंद्र कड़ासन में लगाए गए सीसीटीवी की कार्यप्रणाली देखी।

किसानों व आढ़तियों से संवाद के दौरान एसडीएम ने कहा कि किसान और आढ़ती एक सिक्के के दो पहलू हैं। कृषि अर्थव्यवस्था इन दोनों के आपसी सहयोग पर निर्भर है, इसलिए आपसी विश्वास और संतुष्टि बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान की फसल पूरी तरह पकने के बाद ही काटें और जहां तक संभव हो धान को सुखाकर ही मंडी में लाएं।

### 58,000 क्विंटल की खरीद पूरी

आढ़ती राजकुमार कलोहा, पंकज मित्तल तथा रामकुमार बंसल ने एसडीएम को बताया कि अधिक नमी वाला धान आने से खरीदी प्रक्रिया में दिक्कत आती है। इस पर एसडीएम व आढ़तियों ने किसानों से आग्रह किया कि वे सूखा और मानक अनुसार धान ही मंडी में लाएं, ताकि समय की बचत हो और व्यवस्थाएं प्रभावित न हों। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन गोपाल मित्तल, वाइस चेयरमैन जगदीप सिंह, सचिव अफसर, सुपरवाइजर राजेश रानी, ऑक्शन रिकॉर्डर राकेश कुमार, रफीक सहित आढ़ती व किसान मौजूद रहे। मार्केट कमेटी सचिव अफसर ने जानकारी दी कि 30 सितंबर तक मंडी में 60,007 क्विंटल धान की आवक हुई है, जिसमें से 58,000 क्विंटल धान की खरीद एमएसपी 2389 रुपये प्रति क्विंटल पर की जा चुकी है।

### मामूली विवाद में फायरिंग, भागकर बचाई जान

**अंबाला।** माजरा गांव स्थित टाइल फैक्टरी के मालिक के दोस्त ने आनंद नगर के रहने वाले कुलविंद्र सिंह पर फायरिंग कर दी। कुलविंद्र सिंह ने भागकर अपनी जान बचाई। थोड़ी देर बाद ही डायल-112 को बुलाने के बाद दोबारा फैक्टरी में जाकर गोली का खोल बरामद करवाया। पीड़ित ने बताया कि दोस्त की शादी के बाहर एक ट्रक फंस गया था। उसे निकालते समय फोन ट्रक में ही रह गया था। वह ट्रक का पीछा करते हुए फैक्टरी में पहुंचे तो मालिक ने बहस शुरू कर दी। देखते ही मालिक के दोस्त ने हवाई फायर कर दिया। महेश नगर थाना पुलिस ने कुलविंद्र सिंह की शिकायत पर उत्तराखंड के अक्षय पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। थाने से ही आरोपी को जमानत मिल गई। महेश नगर थाना प्रभारी जितेंद्र का कहना है कि व्यक्ति ने जिस पिस्टल से फायर किया था वो लाइसेंसी थी। वो भी जब्त कर ली गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## मोदी के जन्मदिन से चले सेवा पखवाड़े में लगे शिविरों में 353 ने किया रक्तदान

शास्त्री मंडल ने शहीद स्मारक के पास 320 वृक्ष रोपित किए

# मंत्री विज बोले-रक्तदान में लोगों ने उत्साह के साथ की हिस्सेदारी सेहत की जांच करवाने के लिए भी शिविरों में लोगों का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की 2 अक्तूबर को जयंती तक भाजपा द्वारा अंबाला छावनी में चलाए गए सेवा पखवाड़ा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए समाज सेवी कार्यों में बढ़चढ़कर भागेदारी की। विज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने अंबाला छावनी में समाज सेवा क्षेत्र में नए आयामों को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चारों मंडलों जिनमें सदर मंडल, महेशनगर मंडल, शास्त्री मंडल व ग्रामीण मंडल में रक्तदान व स्वास्थ्य चेकअप शिविरों के अलावा नमोवन कार्यक्रम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया गया था। इसके अलावा सफाई अभियान भी भाजपा द्वारा चलाए गए थे जिनमें कार्यकर्ताओं के अलावा जनभागीदारी भी रही। उन्होंने बताया कि चारों मंडलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया था और इन शिविरों में बढ़ चढ़कर नागरिकों ने हिस्सा लिया। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को देखते हुए 75 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया था मगर कार्यकर्ताओं व लोगों के उत्साह के कारण इससे कई ज्यादा रक्त शिविरों में एकत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि चारों मंडलों में लगाए गए रक्तदान शिविर में कुल 353 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए जिनमें कुल 1468 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इसी प्रकार नमोवन कार्यक्रम के तहत मोदी जी के 75वें जन्मदिन पर 75 वृक्ष लगाने का लक्ष्य था, लेकिन मंडलों में ज्यादा वृक्ष लगाए गए और चारों मंडलों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कुल 610 वृक्ष लगाए गए।


अंबाला शिविर के दौरान रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 313 की जांच

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि सदर मंडल द्वारा 12 क्रास रोड पर जाटव धर्मशाला में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 305 लोगों की जांच की गई। महेशनगर मंडल द्वारा हरि नगर गुरुद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 313 लोगों की जांच हुई। शास्त्री मंडल द्वारा मच्छौंडा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 405 लोगों की जांच हुई जबकि ग्रामीण मंडल द्वारा श्याल नगर में आयोजित शिविर में 445 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंनेबताया कि नमोवन कार्यक्रम में सदर मंडल द्वारा तोपखाना झील के पास 135 वृक्ष रोपित किए गए। इसी तरह महेशनगर मंडल द्वारा इंडस्ट्री एरिया में 80 वृक्ष रोपित किए गए, शास्त्री मंडल द्वारा शहीद स्मारक के पास 320 वृक्ष रोपित किए जबकि ग्रामीण मंडल द्वारा पंजोखरा साहिब में 75 वृक्ष रोपित किए गए।